पंजीकृत डाक

उत्तर प्रदेश शासन
आयुष अनुभाग-2
संख्या-9/1317-आयुष-2-2014-75/2012-टी0सी0
लखनऊः दिनांकः अक्टूबर, 2014

<u>विज्ञप्ति/नियुक्ति</u>

श्री राज्यपाल उ0प्र0 राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेजों में प्रवक्ता के परीक्षा परिणाम के आधार पर लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 इलाहाबाद द्वारा प्रवक्ता (एनाटमी) के पद पर चयनित तथा नियुक्त हेतु संस्तुत निम्नलिखित होम्योपैथिक प्रवक्ताओं (एनाटमी) के पद पर वेतन बैण्ड-3 रू0 15600- 39100, ग्रेड-पे रू0 5400 में अस्थायी रूप से नियुक्त करते हुए कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से निम्नवत तैनात किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः-

क्र0सं0	अभ्यर्थी का नाम/ पिता का नाम/पता	पदनाम	गृह जनपद	तैनाती जनपद
	(जिस पर नियुक्ति की जा रही है।)			
1	डा0 **श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव** पत्नी डा0 मुकेश कुमार श्रीवास्तव स्थायी/पत्र व्यवहार पता -एम0आई0जी0-62, रामेश्वरम बाग, मुगलिया, (एक्स) भोपाल	प्रवक्ता (एनाॅटामी)	मध्य प्रदेश	पं0 जवाहर लाल नेहरू, राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, कानपुर
2	केशव पुरी गोस्वामी पुत्र श्री जालिम पुरी गोस्वामी स्थायी /पत्र व्यवहार पता-ग्राम व पो0-बरनमह गवां, तहसील-बरही,जिला -कटनी, मध्य प्रदेश	प्रवक्ता (एनाॅटामी)मध्य प्रदेश		के0जी0के0 राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, मुरादाबाद
3	आदित्य कुमार अवस्थी पुत्र डा0 महेन्द्र प्रसाद अवस्थी स्थायी/पत्र व्यवहार पता -कटरा चैक,बांदा, 210001 ,उ0प्र0	प्रवक्ता (एनाॅटामी)	बादा	पं0 जवाहर लाल नेहरू, राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, कानपुर
4	डा0 विश्वनाथ वर्मा पुत्र श्री राम अचल वर्मा स्थायी पता- भदसार, पोस्ट-खानजहांपुर, जिला आजमगढ़, उ0प्र0, पत्र व्यवहार पता- नवीनगौरी, सरोजनी नगर, (सीताराम प्लाजा) लखनऊ, 206008, उ0प्र0।	प्रवक्ता (एनाॅटामी)	आजमगढ़	राजकीय नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, लखनऊ

http://srasanadesh.up.nic.in

5	वेद प्रकाश पुत्र श्री सुरेन्द्र नाथ यादव स्थायी/पत्र व्यवहार पता- सी0 18 मेहदौरी कालोनी, तेलियरगंज, इलाहाबाद, 211004, उ0प्र0	प्रवक्ता (एनाॅटामी) इलाहाबाद	लाल बहादुर शास्त्री, राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, इलाहाबाद
6	डा0 भृगुनाथ पुत्र स्व0 मगंरू स्थायी पता-सिघेडवा,बौठा, गोरखपुर, पत्र व्यवहार पता-डाक्टर्स कालोनी, बलुआ बजुर्ग, कौडीराम, गोरखपुर,उ0प्र0	प्रवक्ता (एनाॅटामी)	गोरखपुर राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, गाजीपुर

2- उपरोक्त प्रवक्ताओं की नियुक्ति निम्न शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन हांेगीः-

1) यह नियुक्ति अस्थायी होगी और इनकी सेवायें उ0प्र0 राज्य होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय(अध्यापकों की सेवा) नियमावली, 1990 में लागू शर्तो एवं नियमों से आच्छादित होगी तथा ऐसी समस्त सेवा शर्ते भी इस पर लागू होंगी, जो शासन द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जायेगी।

2) उक्त वेतनमान में वेतन के अतिरिक्त समय-समय पर जारी शासनादेशों के अन्तर्गत अनुमन्य महंगाई एवं अन्य भत्ते भी देय होंगे।

3) कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जायेगा। (जिसे नियमानुसार बढाया भी जा सकता है।)

4) आवश्यकतानुसार किसी भी राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज में स्थानान्तरित किया जा सकेगा।

5) उक्त अभ्यर्थियों एक माह के अन्दर अपने पद का कार्यभार अवश्य ग्रहण कर लें। यदि इस अवधि में सम्बन्धित प्राचार्य के समक्ष अपने योगदान की सूचना नहीं देते है तो यह नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिया जायेगा और उनका अभ्यर्थन समाप्त हो जायेगा।

6) नियुक्ति स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु उक्त अभ्यर्थियो को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता आदि देय नहीं होगा।

7) प्राग्वृत्त एवं चरित्र सत्यापन रिपोर्ट में कोई प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर नियुक्ति/ सेवायें स्वतः समाप्त समझी जायेगीं।

8) उक्त अभ्यर्थियो को कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व निम्न प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने होंगेः-

1- 02 ऐसे राजपत्रित अधिकारियों से जो सक्रिय सेवा में और उनके निजी जीवन से पूर्णरूप से परिचित हों, किन्तु उनके सम्बन्धी न हों, अच्छे चरित्र का प्रमाण-पत्र।

2- अभियोजन न चलाये जाने तथा न्यायालय द्वारा दण्डित न किये जाने के सम्बन्ध में एक शपथ-पत्र।

3- उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल द्वारा दिये गये स्थायी रजिस्टे"शन की 02 प्रतियां।

4- ओथ आफ एलीजियन्स का प्रमाण-पत्र।

5- गोपनीयता का प्रमाण-पत्र।

http://shasanadesh.up.nic.in

6- चल तथा अचल सम्पत्ति का प्रमाण-पत्र।

7- एक से अधिक जीवित पत्नी न होने का प्रमाण-पत्र।

3- यह स्पष्ट किया जाता है कि नियुक्ति आदेश की तिथि से उक्त अभ्यर्थियो की ज्येष्ठता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उनकी ज्येष्ठता वही बनी रहेगी जो लोक सेवा आयोग द्वारा संस्तुत की गयी सूची में दर्शायी गयी है।

अरिन्दम भट्टाचार्य
विशेष सचिव।

<u>संख्या- 9/1317 (1)/71-आयुष-2-2014-तददिनांकः-</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।

2- संयुक्त सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 इलाहाबाद को उनके पत्र संख्या-961/13/डीआर/ एस-11/2008-09, दिनांक 18 जुलाई, 2014 के सन्दर्भ में।

3- निदेशक, होम्योपैथी, उ0प्र0 लखनऊ।

4- समस्त सम्बन्धित प्राचार्य को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सम्बन्धित प्रवक्ताओं को कार्यभार ग्रहण कराने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके समस्त प्रमाण-पत्र यथा अनुभवादि प्रमाण-पत्र सही हैं। यदि भविष्य में कोई विरोधाभाषी स्थिति होती है तो वह स्वयं उत्तरदायी होगें।

5- कोषाधिकारी, कानपुर/लखनऊ/मुरादाबाद/गाजीपुर/इलाहाबाद।

6- सम्बन्धित प्रवक्तागण।

7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

अरिन्दम भट्टाचार्य
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in